# व्यापार और निवेश को बढ़ाने में मदद करेंगे आईएफएस अफसर

लखनऊ। भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी यूपी में निवेश और व्यापार को बढ़ावा देने में पूरा सहयोग देंगे। भारतीय दूतावासों की वेबसाइट पर यूपी को निवेश के आकर्षक गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करने के लिए ब्रांडिंग की जाएगी।

एसोचैम-यूपी, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी और इन्वेस्ट यूपी के बीच बुधवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित संवाद कार्यक्रम में आईएफएस अधिकारियों ने यह आश्वासन दिया। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने कहा कि उद्यमियों को यूपी में निवेश के अनुकूल माहौल और सुविधाएं देने में सरकार पूरा सहयोग करेगी। कार्यक्रम में अभिषेक प्रकाश ने आईएफएस अधिकारियों से राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में हुए परिवर्तन को विदेशों में प्रचारित करने का आग्रह किया। एसोचैम के सीईओ आरके शरण ने कहा कि इस संवाद सत्र का उद्देश्य राज्य के वर्तमान औद्योगिक वातावरण और निकट भविष्य में व्यापारिक समुदाय की अपेक्षाओं से अवगत कराना है। ब्यूरो